कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली (राज.)

प्रेस–सूचना

दिनांक : 14/08/2020

राजकीय महाविद्यालय करौली में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश प्रकिया 28 जुलाई 2020 से प्रारम्भ हो गई है। **स्नातक प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा कर 20.08.2020 कर दी गई है। प्रथम मैरिट तथा प्रतीक्षा सूचियां 27 अगस्त को प्रकाशित की जायेंगी तथा ईमित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 02 सितम्बर 2020 है।**

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा नहीं करानी है। आवेदक, चाहे गये उचित दस्तावेज़ अपलोड करें अन्यथा सम्बन्धित दस्तावेज़ का लाभ नहीं दिया जायेगा। OBC तथा MBC का नॉनक्रीमिलेयर जाति प्रमाण पत्र 01.07.2017 से पहले का नहीं होना चाहिए तथा EWS का प्रमाण पत्र 01.04.2020 से पहले का नहीं होना चाहिए।

बी.ए. पार्ट प्रथम के आवेदक महाविद्यालय में उपलब्ध 20 विषय संयोजनों में से कोई 5 विषय संयोजन अपनी पसंद के अनुसार वरीयता क्रम में आवश्यक रूप से भरें। बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु किसी भी संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य) से सीनियर सैकण्डरी कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक यथा सम्भव अपना वाट्सएप नम्बर ही भरें, क्योंकि ऑनलाइन शिक्षण के लिए विद्यार्थियों के वाट्सएप ग्रुप बनाए जाने हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी स्वयं का ईमेल ऐड्रस ही भरें यदि ईमेल नहीं हो तो बना लें।

(रफ़ीक़ अहमद)
नोडल अधिकारी
ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

Scanned with CamScanner